तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 टीबी उन्मूलन को युवाओं की ताकत से मिलेगी ...



13 11 अक्टूबर को विराजेंगी मां दुर्गा, देवालयों...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

यू-डाइस में लापरवाही पर 120 शिक्षक-कर्मचारियों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

यू-डाइस पोर्टल पर विद्यार्थियों, स्कूलों और शिक्षकों की प्रोफाइल प्रविष्टि निर्धारित समय सीमा में पूरी नहीं करना जिले के 17 शासकीय स्कूलों के संस्था प्रमुखों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भारी पड़ गया। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्कूलों में पदस्थ करीब 120 शिक्षक-कर्मचारियों का अक्टूबर 2026 का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए यू-डाइस पोर्टल पर स्कूल, विद्यार्थी और शिक्षक प्रोफाइल का शत-प्रतिशत अद्यतन किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से 27 जुलाई और 1 अक्टूबर को पत्र जारी कर निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने भी 23 सितंबर को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद 3 अक्टूबर की अंतिम निर्धारित तिथि तक संबंधित स्कूलों में प्रोफाइल प्रविष्टि का कार्य पूरा नहीं किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि यू-डाइस डाटा एंट्री केवल संस्था प्रमुख की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षक-कर्मचारियों की इसमें सहभागिता और जवाबदेही है। निर्धारित समय में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नहीं करना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के उल्लंघन की श्रेणी में माना गया है। इसी आधार पर संबंधित अमले के अक्टूबर माह का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी की कड़ी कार्रवाई



इन स्कूलों पर हुई कार्रवाई

वेतन रोकने की कार्रवाई मिडिल स्कूल मोथीडीह, झाल, हेमाबंद, मुटपुरी, कन्या स्कूल देवकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालसमुंद, मनसुली, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी, कुसमी, पीएमश्री शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंघौरी, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरबीजा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमरी, हाटरांका और कोपेडबरी के संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध की गई है।

खबर संक्षेप

सोने का बिस्किट दिलाने का झांसा, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। सोने का बिस्किट दिलाने का लालच देकर लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में रानीतराई पुलिस ने अंतरराज्यीय



आरोपी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है। मामले में प्रार्थी समीर साहू, निवासी ग्राम रेंगाकठोरा की शिकायत पर थाना रानीतराई में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में धारा 318(4), 3(5), 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जानकारी जुटाई। जांच में मोबाइल नंबरों की लोकेशन दूसरे राज्य में पाए जाने के बाद पुलिस टीम ने आवश्यक अनुमति प्राप्त की और उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। रानीतराई पुलिस की टीम ने तकनीकी जानकारी के आधार पर इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद क्षेत्र में आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी विश्वजीत मौर्य (29 वर्ष) को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल धारक राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।

जल सत्याग्रह तुड़वाने पहुंचे निगम के अधिकारी दिया आश्वासन

भिलाई। भिलाई नगर निगम द्वारा वार्ड 22 कुरूद के रहवासियों से टैक्स तो पूरा लिया जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन वार्डों में ध्यान दिया जाता है। यहां तालाबों में प्रतिमा विसर्जन की अनुमति तो दे दी जाती है, लेकिन गंदगी साफ करने के लिए निगम कुछ नहीं करता है। निगम की इसी निरंकुश कार्यशैली को देखते हुए भिलाई वार्ड 22 के रहवासी भानु प्रताप सिंह ने जेनजी की तर्ज पर कुरूद नकटा तालाब में जल सत्याग्रह किया। उन्होंने निगम को पहले चेतावनी दी कि यदि 6 अक्टूबर तक वार्ड 22 के तालाबों की सफाई नहीं हुई तो वो तालाब के गंदे पानी में खड़े होकर जल सत्याग्रह करेंगे। 7 अक्टूबर की सुबह से वो नकटा तालाब के गंदे पानी में उतरे और जल सत्याग्रह करना शुरू कर दिया। उनके इस आंदोलन को देख एक एक कर वहां स्थित शिव शक्तिधाम मंदिर प्रांगण लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई।

विरोध : मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पुतले का किया दहन

लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ कांग्रेस ने बेमेतरा में निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस भवन से गांधी चौक स्थित राम मंदिर प्रांगण तक लोकतंत्र बचाओ पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया गया। कांग्रेस ने मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अपने 'वोट चोरी' के आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई तथा उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों और मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा की मांग की।

- मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच की उठाई मांग



जनता के वोट और संविधान के अधिकार से बड़ा कुछ नहीं : छाबड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट और उसका विश्वास है। राहुल गांधी लगातार मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवाल उठा रहे हैं तथा 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच की मांग कर रहे हैं। इन आरोपों पर राजनीतिक बहस के बजाय तथ्यों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सवाल उठाने वालों की आवाज दबाने के बजाय उनके सवालों का तथ्यात्मक जवाब दिया जाना चाहिए। मतदाता के मत की पवित्रता, संवैधानिक अधिकार और लोकतंत्र की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। मतदाता सूची या चुनाव प्रक्रिया को लेकर यदि कोई संदेह उत्पन्न होता है तो पारदर्शी जांच से ही जनता का विश्वास मजबूत होगा। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों, मतदाता सम्मान और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उठाती रहेगी।

अनुच्छेद 326 का किया सार्वजनिक वाचन

पैदल मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होते हैं तथा पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार संविधान ने दिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सवाल का समाधान निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच के माध्यम से होना चाहिए।

बड़ी संख्या में कांग्रेसजन हुए शामिल

पैदल मार्च में गुरुदयाल सिंह बंजारे, मंगत साहू, कविता साहू, दिनेश पटेल, प्राणीश चौबे, मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, ईश्वर वर्मा, रोशन सिन्हा, देवेंद्र साहू, विवेक राजपूत, अश्वनी अनंत, गणेश राजपूत, विजय बघेल, झम्मन बघेल, राजू साहू, सुमन गोस्वामी, रवि रजक, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, रीता पाण्डेय, शकुंतला साहू, योगिता साहू, ललित विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश साहू, राधेश्याम देवांगन, चंद्रशेखर परगनिहा, सविता हिरवानी, रीना, जनता साहू, लुकेश वर्मा, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, सतीश मार्कण्डेय, ▶▶| शेष पेज 13 पर

गौवंश तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

देवकर चौकी पुलिस ने गौवंश तस्करी के मामले में करीब तीन सप्ताह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की पहचान राजेश गोस्वामी (24) पिता हिंगलाज गोस्वामी, निवासी देवपुरा, थाना गंडई, जिला केसीजी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 एजे 7177 भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को गौवंश सेवक पुनीत साहू (23), निवासी देवकर ने सूचना दी थी कि पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 25 क्यू 8641 में अवैध तरीके से मवेशियों को भरकर देवकर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर वह अपने साथियों के साथ नवकेशा चौक पहुंचा, जहां करीब सुबह 9.30 बजे पीकअप वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में चालक अकेला मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम करण यदु निवासी लोलेसरा, थाना बेमेतरा, हाल निवासी बांसा, थाना बेरला बताया।

- देवकर पुलिस ने आरोपी को घर से पकड़ा, वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त

इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार राजेश गोस्वामी वहां पहुंचा और वाहन रोकने का कारण पूछा। पूछताछ में उसने बताया कि देवादा-बेरला क्षेत्र से एक भैंस और दो पड़िया समेत तीन मवेशी खरीदकर अपने गांव देवपुरा ले जा रहा है। पशु परिवहन से संबंधित दस्तावेज और अनुमति पत्र मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। चौकी चलने की बात कहने पर राजेश ▶▶| शेष पेज 13 पर

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई, 29 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थ, जुआ-सट्टा सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ बेमेतरा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में साइबर सेल और चौकी देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को चौकी देवरबीजा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 10 निनवा निवासी कमाल सिंह वर्मा (60) अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 29 पौवा अंग्रेजी शराब, कुल 5,220 एमएल, कीमत करीब 3,480 रुपए बरामद की गई। इसके अलावा चेस परचेस की रकम 200 रुपए भी जब्त की गई। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 3,680 रुपए बताई गई है।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक विजय साहू, अवधेश सिंह, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, रोशन वर्मा, सबित गोयल, मुकेश राजपूत, छोटूराम टेम्भुकर सहित साइबर सेल और चौकी देवरबीजा के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

नवागढ़ में कल रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर

नवागढ़। सेवा ही संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार आयोजित शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा डॉ. शरद कोहड़े एवं खंड चिकित्सा अधिकारी नवागढ़ डॉ. एम.एम. रजा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। शिविर में रक्तदान के साथ स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। रक्तदान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों, गर्भवती माताओं, दुर्घटना में घायल लोगों और थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. रजा ने बताया कि 18 से 65 वर्ष की आयु का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने युवाओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से शिविर में सहभागिता की अपील की।

आंधी ने धान की फसल को खेतों में बिछाया कटाई से पहले किसानों की बढ़ी चिंता





नवागढ़। खेतों में पककर तैयार हो रही धान की फसल देखकर जिन किसानों को कटाई की खुशी थी, मंगलवार शाम आई तेज आंधी ने उनकी चिंता बढ़ा दी। हल्की बारिश के साथ चली तेज हवा से नवागढ़ क्षेत्र के कई खेतों में धान की खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई। बड़ी संख्या में धान की बालियां जमीन से सट गई हैं, जिससे कटाई के साथ उपज प्रभावित होने की आशंका है।

किसान होरीलाल रजक ने बताया कि आंधी से खेत में तैयार अवस्था में पहुंच चुकी धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। फसल गिरने से कटाई मुश्किल होगी और उत्पादन में भी कमी आने की आशंका है। किसानों के मुताबिक इस सीजन में पहले ही कीट-रोग से फसल प्रभावित हुई थी। इसके नियंत्रण के लिए प्रति एकड़ करीब 1000 से 1200 रुपए तक दवाओं पर खर्च करना पड़ा। किसानों की चिंता है कि खेत में गिरी फसल दोबारा बारिश की चपेट में आई तो बालियों में नमी बढ़ने से दाने की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वहीं कटाई और सुखाई का खर्च भी बढ़ेगा। किसानों ने कृषि एवं राजस्व विभाग से प्रभावित खेतों का मैदानी निरीक्षण कर फसल नुकसान का सर्वे और आकलन कराने की मांग की है।

अस्पताल पहुंचने से 5 कि.मी. पहले महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई

108 की सूझबूझ से एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, सुरक्षित हुआ प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपातकालीन परिस्थितियों में 108 संजीवनी एक्सप्रेस किस तरह जीवनरक्षक साबित हो सकती है, इसका एक और उदाहरण सामने आया है। साजा विकासखंड के ग्राम जेवरा की गर्भवती महिला का जिला अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। 108 टीम की तत्परता और ईएमटी की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब 6 बजे ग्राम जेवरा निवासी 30 वर्षीय गर्भवती महिला सविता को प्रेग्नेंसी कॉम्प्लिकेशन के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारेसरा में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा रेफर किया और 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के पायलट मुकेश और ईएमटी कलावती गायकवाड़ कारेसरा अस्पताल पहुंचे। महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर जिला अस्पताल बेमेतरा के लिए रवाना किया गया। अस्पताल पहुंचने से करीब 5 किलोमीटर पहले रास्ते में ही महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

स्थिति को भांपते हुए ईएमटी कलावती गायकवाड़ ने तत्काल ईआरसीपी के माध्यम से चिकित्सकीय सलाह ली। परिजनों की सहमति से एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया गया। आवश्यक सावधानियों और चिकित्सकीय प्रक्रिया का पालन करते हुए कुछ ही देर में महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इसके बाद 108 टीम जच्चा और नवजात को सुरक्षित जिला चिकित्सालय बेमेतरा लेकर पहुंची, जहां दोनों को भर्ती कर उपचार एवं निगरानी में रखा गया। अस्पताल के अनुसार मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।



परिजनों ने जताया आभार

मुश्किल परिस्थिति में घबराने के बजाय 108 टीम द्वारा दिखाई गई तत्परता और सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव होने पर परिजनों ने पायलट मुकेश और ईएमटी कलावती गायकवाड़ का आभार जताया। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि आपात स्थिति में 108 संजीवनी एक्सप्रेस केवल मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर चलती एम्बुलेंस में जीवन की रक्षा करने वाली संजीवनी भी बन सकती है।

घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, पंडरभट्ठा निवासी डोमेश साहू (22) ने 27 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक 26 अगस्त की दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपनी दुकान में मौजूद था। इसी दौरान अजय दुबे और संतोष साहू ने उसके साथ गाली-गलौज की, जिसके बाद विवाद हो गया। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर उसी दिन शाम करीब 5 बजे अजय दुबे, संतोष साहू और महेश यदु उसके घर में घुस आए। तीनों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान महेश यदु ने डोमेश के साथ हाथ-मुक्का से मारपीट की। घटना के समय डोमेश की मां और पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। रिपोर्ट के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव और एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ▶▶| शेष पेज 13 पर



दुर्ग में सेवा के रंग, सेवा ज्योति यात्रा में हजारों लोगों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम लाइव उद्बोधन को उपस्थितजनों ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए वी विल डू इट का विश्वासपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनभागीदारी का आह्वान किये।

मंत्री यादव ने दिलाई विकसित भारत निर्माण में योगदान की शपथ

कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने उपस्थित नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से पूरा होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित की भावना के साथ योगदान दे तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से साकार होगा। आज दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम और सेवा ज्योति यात्रा इसी भावना का संदेश देती है कि सेवा से राष्ट्रसेवा और राष्ट्रसेवा से विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हम सभी अपनी भूमिका निभाएं।

पं. रविशंकर स्टेडियम में हुआ आयोजन, पीएम का संदेश लाइव सुना



विधायकों सहित भाजपा की जनभागीदारी

कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ी भीड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा सेवा ज्योति यात्रा का भी आयोजन किया गया। पंडित रविशंकर स्टेडियम से प्रारंभ हुई यह यात्रा बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए पटेल चौक तक पहुंची।

यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने का संदेश दिया गया। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन 31 तक

दुर्ग। राज्य सरकार की दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना को अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। समाज कल्याण संचालनालय द्वारा योजना को भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशीप पोर्टल पर ऑनबोर्ड कर दिया गया है। अब दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रकिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। उप संचालक समाज कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। नेशलन स्कॉलरशीप पोर्टल पर दिव्यांगजन राज्य छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि जो पूर्व में 30 सितंबर निर्धारित थी, जिसमें वृद्धि करते हुए 31 अक्टूबर क कर दी गई है।

दशहरा समिति गठित

दुर्ग। श्री गोविन्द नवयुवक समिति पोटिया कला, वार्ड क्रमांक 54 द्वारा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दशहरा के साथ मंडई मेला का भी आयोजन 21 अक्टूबर को किया जाना है। इसके लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष ठकेश साहू, उपाध्यक्ष चन्द्र किशोर साहू, टैलेश साहू, सचिव हिरेंद्र साहू, सह सचिव रिमांशु साहू, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साहू, सह कोषाध्यक्ष सूरज साहू, संगीत सचिव फलित साहू, प्रचार सचिव कमल साहू, प्रकाश साहू, कार्यकारणी सदस्य भूषण साहू, मोनू साहू , परखचंद साहू, तिलक साहू बनाए गए हैं।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गूंजा पोषण और संस्कार का संदेश

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर ननकट्ठी, परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम बासीन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव, जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा, सरपंच चित्ररेखा साहू, उपसरपंच श्री तुकेश्वर देवांगन, पूर्व सरपंच प्रमोद साहू एवं जेवरा मंडल महामंत्री सचिन राजपूत सहित पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

वार्ड परिक्रमा में खुली व्यवस्था की पोल, सफाई के अभाव में नालियों में उगी झाड़ियां

उमदा वार्ड में समस्याओं का अंबार, लाखों की टंकी सूखी और सड़कों पर बह रहा नाली का गंदा पानी

वार्ड 6 परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 6 उमदा में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई गंभीर समस्याएं सामने आईं। एक ओर करोड़ों रुपए की लागत से सड़क और लाखों रुपये से स्मार्ट चौक व ओवरहेड टंकी जैसे कार्य किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर पेयजल, नाली, सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

कहीं पेयजल की समस्या है तो कहीं नालियों की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सफाई के अभाव में कई नालियों में जंगल-झाड़ियां उग आई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर नालियों की गहराई इतनी कम है कि बारिश या घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। वार्डवासियों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली। वार्ड में लाखों रुपये खर्च कर ओवरहेड टंकी बनाए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन वर्तमान में यह टंकी सूखी पड़ी है। इसके चलते वार्डवासियों को बोर के माध्यम से पानी की सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि बोर ही पानी की मुख्य व्यवस्था है। ऐसे में यदि बोर खराब हो जाए तो उसे सुधारने में चार से पांच दिन तक का समय लग जाता है। इस दौरान लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड पार्षद दीप्ति वर्मा है जबकि सारा काम काज उनके पति आशीष वर्मा देखते हैं। वार्डवासियों ने मांग की है कि ओवरहेड टंकी को उपयोग में लाकर नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं इस संबंध में पार्षद दीप्ति वर्मा से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर बताया।

जर्जर नालियां बनी परेशानी, 19 करोड़ के गौरवपथ की गुणवत्ता पर भी उठे सवाल







नालियों में उगी झाड़ियां, सड़क पर बहता है गंदा पानी : वार्ड के कई हिस्सों में नालियों की स्थिति बेहद खराब बताई गई। उदयराम देवांगन ने बताया कि लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण नालियों में जंगल-झाड़ियां उग गई हैं। कई जगह नालियों की गहराई भी पर्याप्त नहीं है। इसके चलते नाली का पानी अपने निर्धारित रास्ते से बहने के बजाय सड़क पर फैल जाता है। कुछ स्थानों पर नालियां जर्जर हालत में हैं, जिससे जल निकासी की समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होती।



बाजार चौक और सांस्कृतिक भवन के पास अंधेरा, पुलिस पेट्रोलिंग की मांग : वार्डवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। दुलार सिंह साहू ने बताया कि बाजार चौक और सांस्कृतिक भवन के आसपास शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। अंधेरा होने के बाद लोगों को आने-जाने में परेशानी और असुरक्षा महसूस होती है।

गौरवपथ पर 12.5 लाख से बने स्मार्ट चौक पर भी उठे सवाल



वार्ड में सिरसा गेट से उमदा-जरवाय तक करीब 19 करोड़ रुपए की लागत से बने गौरवपथ को लेकर भी स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए। वार्डवासियों सहित अनिल खुटेल का आरोप है कि सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही कई जगह से सड़क उखड़ने लगी थी। लोगों के मुताबिक हाल ही में सड़क का संधारण कराया गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता और सड़क की मजबूती की जांच कराने की मांग की है, ताकि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सड़क बार-बार खराब होने की स्थिति सामने न आए। वार्ड में करीब 12.5 लाख रुपये की लागत से बनाए गए त्रिसंगम स्मार्ट चौक को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाए।

सांस्कृतिक भवन के पास बहता है शौचालय का गंदा पानी



सबसे गंभीर समस्या सांस्कृतिक भवन के बाजू में बनाए गए शौचालय को लेकर सामने आई। लोगों के अनुसार शौचालय की नाली जमीन से ऊपर बनाई गई है और इसका गंदा पानी सीधे सांस्कृतिक भवन के पास बहने लगता है, जहां समय-समय पर विभिन्न आयोजन होते हैं। शौचालय के गंदे पानी को मुख्य नाली तक पहुंचाने के लिए उचित निकासी व्यवस्था नहीं होने से आसपास गंदगी की स्थिति बन रही है। इसे लेकर वार्डवासियों में काफी आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि शौचालय की निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कर गंदे पानी की उचित निकासी सुनिश्चित की जाए।

6 इंच की जगह 2.50 से 3 इंच सीसी सड़क

दुर्ग महापौर ने मौके पर पकड़ी गड़बड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गया नगर वार्ड क्रमांक 5 महर्षि स्कूल लाइन में चल रहे सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन,पार्षद रंजीता पाटिल एवं कार्यपालन अभियंता मो. सलीम सिद्दीकी के साथ औचक निरीक्षण किया। क्षेत्रवासियों से प्राप्त शिकायत को महापौर ने गंभीरता से लेते हुए निर्माण स्थल पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मोटाई एवं निर्माण की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माणाधीन सीमेंटीकरण सड़क की मोटाई की जांच कराई। जांच में सामने आया कि सड़क का निर्माण निर्धारित मापदंड के अनुसार 6 इंच मोटाई में किया जाना है, जबकि मौके पर लगभग 2.50 से 3 इंच तक ही निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई। इसके अलावा सड़क निर्माण के दौरान दोनों ओर निर्धारित चैनल का भी समुचित निर्माण नहीं किया जा रहा था।

निर्माण कार्य में इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर महापौर ने मौके पर ही नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड, तकनीकी स्वीकृति एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ ही कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का लाभ लंबे समय तक आम नागरिकों को मिलना चाहिए, इसलिए कार्य केवल पूरा करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा तकनीकी मापदंडों के अनुरूप ही कार्य कराने के निर्देश दिए।

रिसाली सेवा संकल्प शिविर में आए 121 आवेदन, मौके पर 78 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा बुधवार को लगाए सेवा संकल्प शिविर में कुल 121 आवेदन आए।

- विधायक और महापौर ने नागरिकों से की चर्चा



यह शिविर कुल 9 वार्ड 7से 15 तक के लिए लगाया गया। लगाए गए शिविर का अवलोकन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में न केवल स्टाल का अवलोकन किया, बल्कि नागरिकों से बात भी की। समस्याओं को जानने के बाद उनका निराकरण करने रिसाली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक का कहना था कि यह प्रयास केवल आम लोगों को सुविधा प्रदान करना है। शिविर में महापौर शशि सिन्हा पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू समेत वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

शिक्षामंत्री के आश्वासन के बाद शिक्षकों का आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



टी.ई.टी. उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले चल रहे तीन दिन पहले शुरू किया गया अनिश्चितकालीन प्रदर्शन बुधवार को समाप्त हो गया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से संघ के प्रांतीय डेलीगेशन टीम की चर्चा के बाद यह आंदोलन वापस लिया गया और शिक्षक अपने स्कूलों में वापस लौट गए हैं। छः सदस्यीय प्रांतीय डेलीगेशन टीम शिक्षा मंत्री श्री यादव से मिलकर पदोन्नति के संदर्भ में अपनी मांगों से अवगत कराया व अविलंब पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कराने की बात रखी गई।

शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि सीनियर होने के बाद भी हमें अब तक प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। प्रमोशन के लिए पांच बार समय निर्धारित किया गया। उसके बाद भी यह अब तक लंबित है। कई बार शासन-प्रशासन को अवगत भी कराया गया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और पदोन्नति के संदर्भ में स्पष्ट किया गया कि पदोन्नति प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सभी संयुक्त संचालकों व जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के नियमानुसार ही पूरी की जाएगी। जिस पर संगठन के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षा मंत्री के ठोस आश्वासन के पश्चात प्रांतीय निर्णयानुसार अनिश्चितकालीन आंदोलन आगामी समय के लिए स्थगित किया गया। प्रांतीय डेलीगेशन टीम में प्रांताध्यक्ष राकेश मिश्रा, मनोज जायसवाल, चेमन साहू, अशोक कश्यप, उमाशंकर डिल्लीवार, दुर्गेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

तिरपाल के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे प्रतिबंधित लकड़ी, स्मृतिनगर पुलिस ने माजदा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ स्मृतिनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध माजदा वाहन को पकड़ा है। वाहन में तिरपाल से ढंककर प्रतिबंधित कहुआ प्रजाति की इमारती लकड़ी सहित मिश्रित प्रजाति की अन्य लकड़ियां ले जाई जा रही थीं। लकड़ी के संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन, चालक और लकड़ी को अभिरक्षा में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।

- दस्तावेज नहीं मिलने पर वन विभाग को किया

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को सुबह करीब 5 बजे चौकी स्मृति नगर की टीम नियमित पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान अवंतीबाई चौक, कोहका क्षेत्र में एक संदिग्ध माजदा वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 1154 को रोककर जांच की गई। पुलिस ने वाहन में लगे तिरपाल को हटाकर तलाशी ली तो उसमें इमारती लकड़ी लदी मिली। जांच में कहुआ प्रजाति की प्रतिबंधित इमारती लकड़ी के साथ



अन्य मिश्रित प्रजातियों की लकड़ियां भी पाई गईं। वाहन चालक से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन चालक, माजदा और उसमें लदी लकड़ी को अपने कब्जे में लिया। चौकी स्मृतिनगर लाने के बाद पुलिस ने नियमानुसार पंचनामा और नोटिस की कार्रवाई की। मामला वन विभाग के क्षेत्राधिकार से संबंधित होने के कारण माजदा वाहन, चालक और जब्त काष्ठ को वन विभाग भिलाई-3 परिक्षेत्र के सुपुर्द कर दिया गया। अब वन विभाग द्वारा लकड़ी की प्रजाति, मात्रा, स्त्रोत और परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बीएसपी वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने की विशेष अभियान चलाने की मांग

हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में हिडन कैमरा का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में कथित रूप से हिडन कैमरा मिलने के मामले में बीएसपी



- डीवीआर व अन्य डिजिटल उपकरणों की हो फॉरेंसिक जांच

वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने घटना को बेहद गंभीर और निंदनीय बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

उज्जवल दत्ता ने कहा कि बाथरूम जैसे निजी स्थान पर हिडन



भिलाई नगर पुलिस जुटी जांच में, होटल संचालक को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

होटल हरिराज में महिलाओं के बाथरूम में मोबाइल कैमरे के बाद बवाल

होटल स्टॉफ की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध

पुलिस ने होटल संचालक को समन्

नोटिस, पूछताछ की तै

कैमरा मिलना नागरिकों की निजता, सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। पुलिस को इसे सामान्य घटना के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि कैमरे की तकनीकी जांच के साथ उससे जुड़े मोबाइल, डीवीआर, कंप्यूटर, मेमोरी कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कैमरा किसने लगाया, कितने समय से लगा था और उससे कोई वीडियो रिकॉर्ड हुआ था या नहीं। यदि रिकॉर्डिंग हुई है तो उसे कहीं संग्रहित, भेजा या प्रसारित किया गया या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए।उज्जवल दत्ता ने कहा कि यदि कैमरा लगाए जाने की जिम्मेदारी किसी कर्मचारी पर डाली जा रही है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पुलिस को संचालक सहित संबंधित सभी लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की कड़ियां जोड़नी चाहिए। जांच में किसी की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरि राज जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में ऐसी घटना सामने आना पूरे शहर के लिए चिंता का विषय है। लोग होटल और रेस्टोरेंट में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि उनकी निजता और गरिमा सुरक्षित रहेगी। इस विश्वास के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उज्जवल दत्ता ने प्रशासन से मांग की कि मामले को केवल एक रेस्टोरेंट तक सीमित न रखा जाए। भिलाई के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज, चेंजिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हिडन कैमरों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। महिलाओं और युवतियों की निजता और सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की भी उन्होंने मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, मामले की जांच बिना किसी दबाव के निष्पक्ष तरीके से पूरी कर आम नागरिकों को जांच की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों का प्रशासन और कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

खबर संक्षेप

संकल्प शिविर में पेश की सेवा की मिसाल, पर्यवेक्षक मीना ने किया रक्तदान



साजा। संकल्प शिविर के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक मीना बंजारे ने दिव्यांग होने के बावजूद रक्तदान कर सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की।

योग शिविर आज से

जामगांव आर। स्वास्थ्य संवर्धन हेतु उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति द्वारा 9 से 11 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में त्रिदिवसीय योग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, संतोष साहू, इंद्रकुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, आसकरण जैन, योगेंद्र साहू, हलधर महमल्ला, मुकेश चंद्राकर और मेघराज चंद्राकर ने बताया कि 7 अक्टूबर तक पंजीयन कराने वाले साधकों को ग्रीन मैट दी जा रही है तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति व बेहतर प्रदर्शन करने वाले साधकों को सम्मानित किया जाएगा।

पीएम मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने पर उत्सव

अंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भानपुरी में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा ग्रामीण महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए, जिससे स्थानीय संस्कृति का सुंदर दृश्य देखने को मिला। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति लोमश चंद्राकर, सरपंच उमेंदी ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

रुक्मणी मंगल और कंस वध के प्रसंग से भक्तिमय हुआ वातावरण

अंडा। ग्राम लोन्डी में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथावाचक संत निरंजन महाराज ने वृंदावन लीला, कंस वध एवं श्री रुक्मणी मंगल का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं भक्ति और धर्म की स्थापना का संदेश देती हैं। कथा के दौरान झांकियों और भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। साहू परिवार द्वारा आयोजित इस नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में 8 अक्टूबर को सुदामा चरित्र व चढ़ोत्तरी कार्यक्रम तथा 9 अक्टूबर को गीता सार, हवन व पूर्णाहुति का आयोजन रखा गया है।

शिक्षकों की लंबित समस्याएं उठाई नवीन शिक्षक संघ ने

उतई। नवीन शिक्षक संघ दुर्ग के जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव व जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को अर्जित अवकाश प्रदान करने, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण में हुई अनियमितता की जांच करने तथा परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक आयोजित करने की मांग रखी।

पर्व : मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार, पंडालों की साज-सज्जा भी जोरों पर

11 अक्टूबर को विराजेंगी मां दुर्गा, देवालयों में जलेंगे आस्था के ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया

शारदीय नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व को लेकर नगर और ग्रामीण अंचलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर के करीब दर्जनभर चौक-चौराहों पर मां दुर्गा और मां काली की प्रतिमाएं स्थापित कर सामूहिक पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं विभिन्न देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

नवरात्र को लेकर नगर के बस स्टैंड चौक, गोल बाजार वार्ड-4, वार्ड-7, शीतला पारा, पंचवटी शिव सरोवर, नव दुर्गोत्सव पुराना धर्मशाला, दाऊ चंरा चौक और राष्ट्रीय दुर्गोत्सव त्रिमूर्ति चौक सहित करीब 12 स्थानों पर भव्य पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। प्रत्येक पंडाल की थीम अलग रखी गई है। कहीं कोलकाता के महल की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है तो कहीं गुफा और पहाड़ की थीम आकर्षण का केंद्र होगी। पंडालों में विद्युत सजावट, लाइटिंग, साउंड सिस्टम और अन्य सजावटी कार्य तेजी से चल रहे हैं।

देवालयों में जलेंगे आस्था के ज्योति कलश

नवरात्र के दौरान नगर के प्राचीन कुटीधाम, माई मंदिर, महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, शीतला-शारदा मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित चंडीधाम सिद्धपीठ गौरमाटी और करमू जैसे धार्मिक स्थलों पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। मंदिर समितियों ने ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू कर दिया है। इस वर्ष विभिन्न देवालयों में पांच हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्वलित होने की उम्मीद है।



महाष्टमी पर हवन, नवमी पर महाआरती और दशहरे पर रावण दहन

कार्यक्रम के अनुसार 18 अक्टूबर को महाष्टमी के अवसर पर सभी दुर्गा पंडालों और देवी मंदिरों में हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कुटीधाम, मां चंडीधाम गौरमाटी और करमू में भी महाष्टमी पर विशेष आयोजन होंगे। 19 अक्टूबर को महानवमी पर माता की महाआरती होगी। 20 अक्टूबर को नगर में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। दशहरा मैदान में करीब 40 फीट ऊंचे आदमकद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रात में नगर के अलग-अलग स्थानों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। दुर्गा प्रतिमा, साज-सज्जा सामग्री, चुनरी, नारियल, विद्युत लाइट और कपड़ों की दुकानों

व्रत और भक्ति का महासंगम

नवरात्र को केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि साधना का अवसर माना जाता है। इस दौरान महिलाएं, पुरुष और युवा नौ दिनों तक व्रत रखते हैं। कोई फलाहार करता है तो कोई एक समय भोजन कर देवी की आराधना करता है। दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन, जसगीत और गरबा से पूरा अंचल भक्तिमय रहेगा। सुबह और शाम देवी मंदिरों में आरती की गूंज सुनाई देगी।

पंडित आनंद प्रसाद तिवारी ने बताया कि शारदीय नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। श्रद्धापूर्वक देवी आराधना से शक्ति, बुद्धि और समृद्धि की प्राप्ति की मान्यता है। इस वर्ष देवी का आगमन हाथी पर होने की मान्यता है, जिसे सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

कुम्हार मोहल्ले में दिन-रात बन रहीं प्रतिमाएं

नगर का कुम्हार मोहल्ला इन दिनों दुर्गा, काली और सरस्वती की प्रतिमाओं से सजा हुआ है। पांच-छह परिवार पिछले करीब दो माह से प्रतिमाएं तैयार करने में जुटे हैं। अब प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रंग-रोगन के साथ वस्त्र धारण और आकर्षक श्रृंगार का काम चल रहा है। मूर्तिकार नारायण और दौवा कुम्हार ने बताया कि इस वर्ष 50 से अधिक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। थान खम्हरिया की प्रतिमाओं की मांग करीब 50 किलोमीटर के क्षेत्र में बेमेतरा, साजा, बेरला, नवागढ़ और धमधा तक रहती है। प्रतिमाओं की कीमत पांच हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक है। महंगाई के कारण मिट्टी और रंग सहित अन्य सामग्री के दाम बढ़े हैं, लेकिन श्रद्धा और मांग में कमी नहीं आई है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा निर्माण का काम करीब दो माह पहले शुरू हो जाता है। परिवार की महिलाएं और बच्चे भी निर्माण कार्य में सहयोग करते हैं। मूर्ति निर्माण ही कई परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन है।

विश्व दृष्टि दिवस पर शिवम पब्लिक स्कूल में नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर 8 अक्टूबर को शिवम् पब्लिक स्कूल थान खमरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सरकारी अस्पताल थान खमरिया के नेत्र सहायक अधिकारी विनोद कुमार साहू ने बच्चों का नेत्र परीक्षण किया, जबकि स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. मनीष कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं स्कूल स्टाफ को आंखों में होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनसे बचाव के उपाय तथा नेत्रदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान नेत्रदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम से प्रेरित होकर संस्था के संस्थापक शिव केडिया एवं पूजा केडिया ने नेत्रदान का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जीवन के बाद भी किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी और नई उम्मीद पहुंचाना मानवता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उनके इस संकल्प को बच्चों और युवाओं में सेवा, संवेदना एवं मानवता की भावना को बढ़ावा देने वाली पहल के रूप में देखा गया। उन्होंने समाज के लोगों से भी नेत्रदान के प्रति जागरूक होने और इस पुनीत कार्य में आगे आने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि जीवन के बाद भी किसी की दुनिया रोशन हो, इससे बड़ा मानवता का उपहार कुछ नहीं हो सकता।



डिजिटल अरेस्ट से डरें नहीं, सतर्क रहें, पैरालीगल वालेंटियर्स को दिया साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

डिजिटल ठगी और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों के बीच लोगों को जागरूक करने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के अधिकार मित्रों (पैरालीगल वालेंटियर्स) को साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सरोज नंद दास के मार्गदर्शन और सचिव स्वर्णलता ओम यादव के दिशा-निर्देश पर यह प्रशिक्षण 6 से 8 अक्टूबर तक पुलिस विभाग की साइबर सेल टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उच्चतम न्यायालय द्वारा एसयूओ मोटो रिट याचिका (क्रिमिनल) क्रमांक 03/2025, इन रीः विक्टिम्स ऑफ डिजिटल अरेस्ट में 4 अगस्त 2026 को पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में किया गया।

ठगी होते ही 1930 पर करें कॉल

साइबर सेल विशेषज्ञों ने अधिकार मित्रों को बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर समय गंवाए बिना 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगी की रकम को रोकने या वापस कराने की संभावना बढ़ सकती है।

पासवर्ड और ओटीपी की सुरक्षा जरूरी

प्रशिक्षण में सोशल मीडिया और बैंकिंग खातों की सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक और जी-मेल के आईडी-पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया प्रोफाइल को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। नेट बैंकिंग और ई-मेल के पासवर्ड समय-समय पर बदलने को कहा गया।अनजान व्यक्ति द्वारा फोन पर किसी परिचित या रिश्तेदार से जुड़ी आपात स्थिति बताकर पैसे मांगने पर तत्काल संबंधित व्यक्ति या परिवार के सदस्य से सीधे संपर्क कर वास्तविकता की पुष्टि करने की सलाह दी गई। किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर प्राप्त करने के लिए केवल उसकी अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करने को कहा गया।

अनजान लिंक पर क्लिक न करें

अधिकार मित्रों को बताया गया कि किसी अनजान फोन कॉल पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, आधार, पैन कार्ड या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

वीडियो कॉल पर नहीं होती सरकारी गिरफ्तारी

प्रशिक्षण में डिजिटल अरेस्ट के तरीके को विशेष रूप से समझाया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कोई व्यक्ति यदि स्वयं को पुलिस अधिकारी, सीबीआई, ईडी या किसी अन्य सरकारी विभाग का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करे और गिरफ्तारी या जांच का डर दिखाकर पैसे की मांग करे तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में किसी भी तरह का भुगतान नहीं करना चाहिए और तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करनी चाहिए। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि सरकारी जांच या गिरफ्तारी की कार्रवाई के नाम पर किसी व्यक्ति को घंटों या दिनों तक वीडियो कॉल पर ऑनलाइन बनाए रखना सामान्य कानूनी प्रक्रिया नहीं है। ठग इसी डर और दबाव का फायदा उठाकर लोगों से लाखों रुपये तक की ठगी कर रहे हैं।

गांव-गांव पहुंचाएंगे साइबर सुरक्षा का संदेश

प्रशिक्षण के बाद अधिकार मित्र अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं को साइबर अपराध तथा डिजिटल अरेस्ट से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण का मूल संदेश रहा—"डरें नहीं, सतर्क रहें और ठगी का शिकार होने पर तुरंत शिकायत करें।" कार्यक्रम में जिले के समस्त अधिकार मित्रों के साथ पुलिस विभाग बेमेतरा की साइबर सेल टीम उपस्थित रही।

अंचल की खबरें

अखंड रामधुनि सम्मेलन में गूंजे श्रीराम के आदर्श



जामगांव आर। ग्राम किकिरमेटा में त्रि-दिवसीय अखंड रामधुनि सम्मेलन का समापन समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ सरपंच देवकी जेठूराम निषाद, सरपंच अमित अग्रवाल, विधायक निज सहायक देवप्रकाश साहू, संजू साहू एवं कमलेश यादव मंचासीन रहे। सभापति कल्पना साहू ने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समस्त जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत और सही मार्गदर्शक है। उनके विचार, आदर्श, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। समापन अवसर पर जागेश्वर साहू, कांशीराम साहू, मनीष सिन्हा, शेषनारायण सिन्हा, टिकेश्वर साहू, नवीन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने दिलाई गई शपथ



अंडा। ग्राम चंदखुरी में गोपाल यादव, सरपंच कविता ठाकुर, खेमलाल चंद्राकर, हेमलता देशमुख, भूपेन्द्र साहू, नूतन निर्मलकर, गोलू देवांगन, संतोष निर्मलकर, दुर्गेश साहू, यादेश ठाकुर, रंजीता साहू, दुष्यंत चंद्राकर, सुपरवाइजर ममता साहू व मानसी चंद्राकर ने सुपोषण थाली प्रदर्शनी व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। ग्राम डूमरडीह में सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने बाल विवाह व कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई, जहाँ सेक्टर सुपरवाइजर प्रमिला वर्मा, सचिव शोभाराम डहरे, पोषण मार्कण्डेय, धनश्री साहू, हिमानी साहू, प्रमिला विश्वकर्मा, पुष्पा बंजारे, कुंती बंजारे, सुलेखा गायकवाड़ व शकुन भारती की उपस्थिति में शिक्षिकाओं सरोजा मंडावी, ज्योति देवांगन व जागृति मार्कण्डेय ने 3 आंगनबाड़ियों को बच्चों हेतु खिलौने प्रदान किए।

आंगनबाड़ी केंद्रों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार



उतई। ग्राम पंचायत खोपली के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित 'आंगन मिलन समारोह' में विभागीय योजनाओं, बच्चों के पोषण, टीकाकरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, उतई महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला कामड़े, युवा मोर्चा महामंत्री राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, पंच शुभम वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, सुनीति साहू व सहायिकाओं की सक्रिय भूमिका रही।

'नई तालीम' तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न



कुम्हारी। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'नई तालीम' कार्यशाला आयोजित की गई। फेविक्रिल विशेषज्ञ निवेदिता पंडा ने विद्यार्थियों को कलात्मक व सृजनात्मक गतिविधियाँ सिखाईं। समापन समारोह में संस्था के महाराज जी तथा निदेशिका डॉ. गायत्री जयराज मिश्रा ने शिरकत की। महाराज जी ने विद्यार्थियों को अनुशासन और संस्कारों का महत्व बताते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किए। अंत में प्राचार्य डॉ. ब्रिजेश यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।

पेज 11 के शेष

लोकतंत्र बचाओ के नारे ...

मोंटू तिवारी, मोहित वर्मा, महानंद यादव, अजय राज सेन, भाव सिंह राज, भागवत साहू, चंद्र प्रकाश शीतलानी, लीलाराम निषाद, निलेश ठाकुर, यौवन डिंडौरे, शिव वर्मा, दीपक दिनकर, अनिल दुबे, प्रतीक दुबे, टोकेश्वर साहू, प्रकाश ठाकुर, मिंटा नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कांग्रेसजनों का आभार जताया।

गौवंश तस्करी ....

मोटरसाइकिल से जालबांधा रोड की ओर फरार हो गया। **बिना दस्तावेज ठूंसकर ले जा रहे थे मवेशी:** पीकअप चालक करण यदु ने पुलिस को बताया कि राजेश गोस्वामी ने देवादा-बेरला क्षेत्र से तीन मवेशी खरीदकर देवपुरा ले जाने के लिए उसे किराये पर वाहन लेकर आने को कहा था। जांच में तीनों मवेशियों को बिना पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था के ठूंस-ठूंसकर ले जाना पाया गया। पशु परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज और अनुमति भी नहीं थी। मामले में पीकअप वाहन, तीनों मवेशियों और आरोपी चालक को चौकी लाकर कार्रवाई की गई। पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11, छत्तीसगढ़ पशुओं का परिवहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत अपराध दर्ज किया। **6.10 लाख की सामग्री जब्त:** विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी करण यदु के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन कीमती 5.80 लाख रुपए तथा तीन मवेशियों कीमती 30 हजार रुपए, कुल 6.10 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की थी। करण यदु को घटना के दिन 17 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। वहीं प्रकरण में फरार चल रहे राजेश गोस्वामी की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे उसके निवास स्थान से पकड़ा। पूछताछ में उसने करण यदु के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। इसके बाद उसे 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई: कार्रवाई में उप निरीक्षक अलील चंद, सहायक उप निरीक्षक छोटे लाल बंजारे, प्रधान आरक्षक फागेश्वर देशमुख, आरक्षक मुकेश पाल, मोहित देवांगन, मनीष वर्मा, दीनदयाल डहरिया सहित देवकर चौकी के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

घर में घुसकर ...

कार्रवाई की। जांच के दौरान अजय दुबे (40), निवासी पंडरभट्ठा को 27 सितंबर को गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं फरार चल रहे महेश यादव उर्फ मंत्री (33) और संतोष साहू (24), दोनों निवासी पंडरभट्ठा, को पुलिस ने 8 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र कश्यप, भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक पुना सिंह, प्रीतेश महिलांग सहित सिटी कोतवाली थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



खबर संक्षेप

11 अक्टूबर से चीजगांव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन

थानखम्हरिया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर समीपस्थ ग्राम चीजगांव में संगीत)मय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस 11 अक्टूबर से होगा, जो 20 अक्टूबर तक चलेगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक गांव के बीच बस्ती में किया जाएगा। कथा व्यास पंडित एकांत पाण्डेय, परायण कर्ता पं. दुर्गेश शास्त्री एवं ग्राम पुरोहित पंडित चेतन शर्मा होंगे। शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर ज्योत-जवारा की स्थापना भी की जाएगी। आयोजन के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा एवं पोथी यात्रा निकाली जाएगी। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न मनमोहक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा, जिसमें कृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, रासलीला, रुक्मिणी विवाह सहित अन्य प्रसंग शामिल हैं। आयोजन के मुख्य यजमान राजेंद्र-भावना साहू हैं। कथा के अंतिम दिवस महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमियों से अपील की है कि इस दिव्य एवं पावन अनुष्ठान में समय पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बनें।

आकाशीय बिजली से एक की मौत, एक गंभीर

भिलाई। पुलगांव थाना क्षेत्र के महेश कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बुधवार शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य मजदूर के शरीर में बिजली गिरने के बाद कंपन होने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार शाम तेज बारिश के साथ बिजली कड़क रही थी। इसी दौरान निर्माणाधीन कॉलोनी में काम कर रहे मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में मनोहर यादव निवासी लोरमी की मौत हो गई। उसके शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है।

आयोजन

425 में से 203 पंचायतें टीबी मुक्त पंचायत के रूप में चिन्हित

टीबी उन्मूलन को युवाओं की ताकत से मिलेगी नई रफ्तार, जोश टीम का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से मजबूत करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने जोश टीम का आभासी शुभारंभ किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आभासी कार्यक्रम के साथ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम टाउन हॉल बेमेतरा में आयोजित हुआ। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों के साथ जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, मितानिन और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

कार्यक्रम में युवाओं को टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़कर गांव-गांव तक जागरूकता पहुंचाने पर जोर दिया गया। जोश टीम के माध्यम से युवाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, युवा संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ा जाएगा। ये टीमें संभावित मरीजों की पहचान, जांच और उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करेंगी। बेमेतरा जिले की 425 ग्राम पंचायतों में से 203 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में चिन्हित किया गया है। वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 145 पंचायतों का था। जिले में प्रति लाख आबादी पर करीब 77 टीबी मरीज सामने आ रहे हैं। टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रति 1000 आबादी पर कम से कम 30 टीबी जांच, पंचायत में टीबी मरीजों की संख्या दो से कम, उपचार सफलता दर 95 प्रतिशत और निक्षय मित्र की शत-प्रतिशत सहभागिता जैसे मानकों पर काम किया जा रहा है।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और मितानिनों को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने, मरीजों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने और उपचार पूरा कराने में सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पहलाद रजक, राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद प्रतिनिधि जय दिवाकर, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद नीतू कोठारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुंजाम, डॉ. ए.के. वर्मा, डॉ. एम.एम. रजा, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के प्रभारी मयंक जैन, डॉ. स्वाति यदु सहित सरपंच, जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

दो सप्ताह की खांसी को नजरअंदाज न करें

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी, शाम को बुखार, रात में पसीना, बलगम में खून, सीने में दर्द, भूख कम लगना या लगातार वजन कम होना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल टीबी की जांच कराएं। जिले में जिला और विकासखंड स्तर पर न्यूक्लिक अम्ल प्रवर्धन जांच निःशुल्क उपलब्ध है। टीबी का उपचार भी निःशुल्क किया जाता है। विभाग ने चेताया कि दवा बीच में छोड़ना खतरनाक हो सकता है और इससे औषधि प्रतिरोधी टीबी का खतरा बढ़ता है। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को उपचार की पूरी अवधि के दौरान पौष्टिक आहार के लिए हर महीने 1000 रुपए सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं।

651 निक्षय मित्र दे रहे मरीजों का साथ

जिले में वर्तमान में 651 निक्षय मित्र टीबी मरीजों को सहयोग दे रहे हैं। इनके माध्यम से मरीजों को पोषण एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ नियमित उपचार पूरा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विकासखंडवार दर्ज मरीजों में बेमेतरा 165, साजा 135, नवागढ़ 130 और बेरला 129 मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों की नियमित निगरानी और उपचार के साथ जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

विधायक दीपेश साहू ने युवाओं से जुड़ने का किया आह्वान

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है। जोश टीम के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़कर जांच, उपचार और बचाव का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने और समय पर जांच कराकर उपचार का पूरा पाठ्यक्रम पूरा करने की अपील की।

कला, कहानी और जलवायु बदलाव को समझने की कार्यशाला में बेमेतरा के दो शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जिज्ञासा, रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से रायपुर में दो दिवसीय 'आर्ट स्टोरी टेलिंग एंड लोकल क्लाइमेट नैरेटिव' कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बेमेतरा जिले के दो शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यशाला का आयोजन भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) पुणे के कैवर प्रोजेक्ट, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के संयुक्त सहयोग से जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन, विधानसभा रोड रायपुर में किया गया। इसमें शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर, नवागढ़ के शिक्षक शांत कुमार पटेल और शासकीय प्राथमिक शाला कंडरका, बेरला के प्रधानपाठक संजय कुमार कश्यप शामिल हुए। कार्यशाला के पहले दिन छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर के महानिदेशक कविश्वर ने कहा कि कहानी बच्चों को केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उन्हें अपने आसपास की दुनिया को देखने, समझने और उस पर स्वतंत्र रूप से विचार करने के लिए प्रेरित करने का प्रभावी माध्यम है।

इस दौरान बच्चों के लिए तैयार भारत के पहले द्विभाषी हिंदी-अंग्रेजी जलवायु समाचार पत्र 'जुगनू' का विमोचन भी किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में पर्यावरणीय चुनौतियों को लेकर केवल चिंता पैदा करना नहीं, बल्कि उन्हें अपने आसपास के परिवेश को समझने, सवाल पूछने, अपनी बात रखने और सकारात्मक बदलाव के लिए पहल करने के लिए प्रेरित करना है। नवाचारी शिक्षक शांत कुमार पटेल ने बताया कि कहानी कहने की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के स्थानीय परिवेश, दैनिक अनुभवों और प्रकृति को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ा जा सकता है। इससे सीखना अधिक रोचक और प्रभावी बनता है। उन्होंने कहा कि कहानी बच्चों में अवलोकन, जिज्ञासा, स्वतंत्र सोच, कल्पनाशीलता और अपनी बात अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण जैसे विषयों को बच्चों के लिए सहज एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है। समापन सत्र में छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. शिरीष कुमार सिंह, एनआईटी रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजकुमार साहू, प्रोजेक्ट लीड एवं 'जुगनू' की प्रकाशक डॉ. शालिनी शर्मा, शिवानी देशमुख, प्रियंका, प्राची जोशी, शालिनी पटेल सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता रही।

गोधेली में तहसील स्तरीय बैठक व संस्कार शाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम गोधेली में तहसील साहू संघ भिम्भौरी के तत्वावधान में तहसील स्तरीय बैठक एवं संस्कार शाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ अध्यक्ष नारद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता तहसील साहू संघ अध्यक्ष देवदत्त साहू ने की।

संस्कार शाला में बच्चों एवं युवाओं को परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन, शिक्षा, संस्कृति तथा अच्छे संस्कारों के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों को शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया।

तहसील स्तरीय बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने, संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने तथा समाज के लोगों को एकजुट करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि संस्कारवान परिवार और बच्चे ही मजबूत समाज की नींव हैं। आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में तहसील संघ कार्यकारी अध्यक्ष भिखम साहू, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक तीक्षण साहू, संगठन मंत्री उमेश्वरी, आईटी प्रकोष्ठ संयुक्त सचिव योगिता साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक गोकुल साहू सहित अन्य पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अस्तित्व फाउंडेशन की पहल हाई स्कूल खण्डसरा को वाटर कूलर-प्यूरीफायर और तीन ग्रीन बोर्ड भेंट



बेमेतरा। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने सराहनीय पहल की है। फाउंडेशन की ओर से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खण्डसरा को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आधुनिक वाटर कूलर-प्यूरीफायर तथा कक्षाओं के लिए तीन नग ग्रीन बोर्ड भेंट किए गए। इस पहल से स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। वहीं कक्षाओं में ग्रीन बोर्ड लगाए जाने से शिक्षकों को अध्यापन कार्य में सुविधा होगी और विद्यार्थियों को विषयों को समझने में भी सहूलियत मिलेगी। इससे विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में सौंपी गई सामग्री: विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अस्तित्व फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनुपम एम. दीवान ने वाटर कूलर-प्यूरीफायर और ग्रीन बोर्ड विद्यालय प्रबंधन को सौंपे। विद्यालय परिवार ने फाउंडेशन की इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान बताया।

ग्रामीण प्रमुख और प्रबुद्धजन रहे मौजूद: कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख शरद जोशी, विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अशोक जायसवाल एवं पूनम चौहान सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य व्याख्याता के.एल. ढीमर ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता नीलम तिवारी, श्रद्धा चंद्राकर, अरविंद सोनी, महादेव कौशल, नीरज पांडे, तीरथ राम डहरे, आईटी एवं कृषि संकाय से मोहित रावत, रोहित वर्मा, सनत मिरचंडे, गेवेंद्र धृतलहरे, नीरज साहू, अनुपा तेजवा, बोधमती मंडावी एवं रुखमणी अय्यर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और पालकों ने अस्तित्व फाउंडेशन तथा अध्यक्ष अनुपम एम. दीवान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का सहयोग ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डीएलएड प्रशिक्षार्थियों के शाला अनुभव का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के निर्देश पर डाइट के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा एवं व्याख्याता

- शिक्षण विधि, पाठ योजना, टीएलएम, कक्षा प्रबंधन और विद्यार्थियों की बुनियादी दक्षताओं का लिया जायजा

थलज कुमार साहू ने डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के 50 दिवसीय शाला अनुभव कार्यक्रम के तहत विकासखंड बेमेतरा के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र अध्यापकों के अध्यापन कार्य, शिक्षण विधि, पाठ योजना सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की अकादमिक मॉनिटरिंग की गई। निरीक्षण दल ने नगर के शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया एवं पीएमश्री अभ्यास



शाला पहुंचकर प्रशिक्षु छात्र अध्यापकों के शिक्षण कार्य का अवलोकन किया। छात्र अध्यापकों द्वारा तैयार की गई पाठ योजनाओं, पर्यवेक्षण डायरी एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों की भी जांच की गई। शिक्षण के दौरान अपनाई जा रही विधियों का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक सुधार के संबंध में निर्देश दिए गए। पीएमश्री अभ्यास शाला में प्रशिक्षु छात्र अध्यापकों महेश्वरी, राजनंदिनी, नम्रता, निकिता, रेशमी, राधिका, वेद प्रकाश, परमेश्वर, ललिता एवं पुनीत के शिक्षण कौशल, कक्षा अनुशासन, कार्यकुशलता, नियमित उपस्थिति और समय की पाबंदी का जायजा लिया गया। इसके साथ ही दैनिक पाठ योजना, शिक्षण गतिविधियों, टीएलएम के उपयोग, कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों के साथ संवाद तथा पर्यवेक्षण डायरी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली गई।

स्कूल की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया में भूपेंद्र, इशिका, काजल, खेमलता, राजलक्ष्मी, रत्नावली, सरोज, संध्या, शारदा, प्रियंका और नेहा जुर्री उपस्थित पाए गए। प्रधान पाठक सुनीता साहू, फनेश्वरी साहू, सीता साहू सहित अन्य शिक्षक कक्षा शिक्षण में संलग्न मिले। अधिकारियों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन, शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता और शिक्षकों की उपस्थिति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य डीएलएड प्रशिक्षुओं को वास्तविक विद्यालयी वातावरण में प्रभावी शिक्षण का अनुभव दिलाने के साथ उनके शिक्षण कौशल को और बेहतर बनाना रहा।

बच्चों से सीधे सवाल परखी बुनियादी दक्षता

शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की स्थिति जानने के लिए निरीक्षण दल ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों से पठन के साथ जोड़, घटाना, गुणा, भाग एवं पहाड़े से संबंधित सवाल पूछे गए। विद्यार्थियों से 5, 7, 8 और 9 के पहाड़े भी पूछे गए, जिसका बच्चों ने जवाब दिया। कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों से ब्लैकबोर्ड पर अपना नाम, पिता का नाम और माता का नाम लिखने को कहा गया। बच्चों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। विद्यार्थियों ने हिंदी की कविताएं और अंग्रेजी की कविताएं सुनाने के साथ पाठ पढ़कर भी सुनाया। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों से भी विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने गणित के सवाल हल करने के साथ पठन कौशल में भी संतोषजनक प्रदर्शन किया। निरीक्षण दल के अनुसार बच्चों में विषय की समझ और बुनियादी शैक्षणिक दक्षता का स्तर संतोषजनक पाया गया।

पाठक सूचना

देवकर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : गफ्फार मोहम्मद

रिजा न्यूज एजेंसी

पता : पुष्टी अमृत तूल्य, देवकर

मो. 8349494209

स्वच्छता का लिया संकल्प

सेवा ज्योति और मशाल रैली से गूंजा देवकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर



सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत देवकर में बुधवार को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं मशाल रैली का आयोजन किया गया। तिरंगे और मशाल के साथ निकली रैली में जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों और नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के दौरान देशभक्ति और सेवा भावना का माहौल नजर आया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वच्छ एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। सेवा ज्योति कलश एवं मशाल रैली के माध्यम से नगरवासियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा देवकर को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक नगर बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल, पार्षद सुरेश सिन्हा, देवेश कुमार गुप्ता, एल्डरमैन बद्री सिन्हा, लवकुश साहू, अवधराम साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, सहायक ग्रेड-3 विक्रांत कुमार सोनी, प्रदीप कुमार सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भी रैली में सहभागिता निभाई।

आयोजन के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ और विकसित देवकर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है

